बरसे है चाँदी खाटू जाकर तो देख ले

भर देगा तेरी झोली बाबा फैला कर तो देख ले
बरसे है चाँदी खाटू जा कर तो देख ले

1. अपने दिल की बातों को, बाबा से जाकर कहना
   कभी ये साथ ना छूटे, इनके चरणों में रहना
   और ना कोई सहारा, जाऊँ मैं कहाँ बता दे
   नाम लखदाता तेरा, मेरी बिगड़ी बना दे
   इनके दरवाज़े की कुण्डी खटका कर तो देख ले
   बरसे है चाँदी खाटू...

2. करे ना पल की देरी, नीले पर चढ़ कर आये
   वो गिरने से पहले ही,थाम कर गले लगाए
   मुरादें बाँटता है, बड़ा दिलदार है ये
   बिना माँगे ही मिलता, ऐसा दरबार है ये
   मोरछड़ी का झाड़ा तू भी, लगवा कर तो देख ले
   बरसे है चाँदी खाटू...

3. दुनिया ने क्या दिया है, पागल सा कह दिया है
   जिसे अपना है समझा, उसी ने रुला दिया है
   श्याम से प्रीत लगा ले, उन्हें अपना बना ले
   कहता “विशाल” तू भी, चरणों में शीश झुका ले
   “पाल” तू भी अपनी अर्जी लगवा कर तो देख ले
   बरसे है चाँदी खाटू...

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/35051/title/bhar-dega-teri-jholi-faila-ke-to-dekh-le-barse-hai-chandi-khatu-ja-kar-to-dekh-le

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |